# बीएचईएल ने कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच, एनपीसीआईएल से नाभिकीय स्टीम जनरेटरों का आदेश प्राप्त किया

नई दिल्ली, 9 जुलाई: भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने कड़ी प्रतिस्पर्धात्मक बोली के बीच, न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) से 12 स्टीम जेनरेटरों की आपूर्ति का एक बड़ा आदेश प्राप्त किया है।

बीएचईएल ने एनपीसीआईएल के फ्लीट मोड क्रय कार्यक्रम (प्रोक्योरमेंट प्रोग्राम) के अंतर्गत 1,405 करोड़ रुपये का यह आदेश प्राप्त किया गया है। इस आदेश में देश के चार अलग-अलग स्थानों पर स्थापित, स्वदेशी तकनीक से विकसित उच्चतम रेटेड वाले 700 मेगावाट के प्रेशराइज्ड हेवी वॉटर रिएक्टरों (पीएचडब्ल्यूआर) के लिए 12 स्टीम जेनरेटरों की आपूर्ति की जानी है। इन स्टीम जनरेटरों का विनिर्माण बीएचईएल के तिरुचिरापल्ली संयंत्र में किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि एनपीसीआईएल की 10x700 मेगावाट नाभिकीय परियोजनाओं के फ्लीट मोड कार्यान्वयन कार्यक्रम के अंतर्गत, बीएचईएल ने प्रतिस्पर्धात्मक बोली के बीच यह दूसरा प्रमुख आपूर्ति आदेश प्राप्त किया है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत बीएचईएल ने पहला आदेश 32 रिएक्टर हैडर असेंबलियों की आपूर्ति हेतु प्राप्त किया था जिसका निष्पादन कार्य वर्तमान में प्रगति पर है।

बीएचईएल को स्वदेशी नाभिकीय ऊर्जा कार्यक्रम के सभी तीनों चरणों से जुड़ी एकमात्र भारतीय कंपनी होने का गौरव प्राप्त है। कंपनी पिछले चार दशकों में एनपीसीआईएल के लिए अग्रणी भागीदार के रूप में उभरी है। ध्यातव्य है कि भारत में लगभग 75% पीएचडब्ल्यूआर आधारित नाभिकीय ऊर्जा संयंत्र बीएचईएल द्वारा आपूर्ति किए गए टर्बाइन एवं जनरेटर सेटों (शेष आयातित सेटों) से युक्त हैं।

बीएचईएल, एनपीसीआईएल की एक अन्य 6x700 मेगावाट आइलैंड टर्बाइन पैकेज के लिए आमंत्रित 10,800 करोड़ रुपये की निविदा में भी एल-1 बोलीदाता बना है। इसके साथ ही कंपनी ने अपने वर्चस्व को पुनर्स्थापित करते हुए देश में नाभिकीय स्टीम टर्बाइन के लिए एकमात्र घरेलू आपूर्तिकर्ता कंपनी होने का प्रमाण दिया है।

बीएचईएल के पास नाभिकीय ऊर्जा संयंत्रों के विभिन्न घटकों/उपकरणों के लिए अंतरराष्ट्रीय संहिताओं और मानकों का अनुपालन करने वाले विशेष डिजाइन, विनिर्माण और परीक्षण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सम्पूर्ण अधोसंरचना और कुशल जनशक्ति है तथा कंपनी भविष्य में इस क्षेत्र की बढ़ती आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तैयार है।

---